आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- पर्यटन विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी चिन्हित समुद्री तटों पर एक साथ सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे।
- द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उप–राज्यपाल से द्वीपसमूह के लिए ब्रांड अम्बेसेडर नियुक्त करने का अनुरोध ।
- नगरपालिका परिषद ने सभी संस्थानों को जल मीटर अनिवार्य रूप से लगाने को कहा।
- नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 29 जून को चयन ट्रायल आयोजित।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से 21 जून को एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर समुद्र तट योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव तीनों ज़िलों के संबंधित उपायुक्तों और विभागों के सहयोग से द्वीपों के सभी लोकप्रिय समुद्री तटों पर आयोजित होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी चिन्हित समुद्र तटों पर एक साथ सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। जलवायु, स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती को आपस में जोड़ना विषय पर विशेषज्ञ वार्ता भी होगी। मुख्य समारोह कार्बाइंस कोव समुद्री तट पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें आसन, प्राणायाम और क्रिया से युक्त योग प्रतियोगिताएं और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। योग सत्र सुबह 7 बजे से आरंभ होगा। अधिक जानकारी के लिए पर्यटन विभाग के प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाएगा। योग का इतिहास भारत की प्राचीन सभ्यता में गहराई से निहित है। इसकी शुरुआत सिंधु–सरस्वती घाटी संस्कृति में एक आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में हुई और धीरे–धीरे यह आत्म–साक्षात्कार की दिशा में एक अनुशासित मार्ग के रूप में विकसित हुआ। कई वर्षों तक, विद्वानों का मानना था कि योग की उत्पत्ति 500 ईसा पूर्व के आसपास हुई थी, बौद्ध धर्म के उदय के दौरान। हालाँकि, सिंधु–सरस्वती घाटी सभ्यता से प्राप्त पुरातात्विक खोजों से पता चलता है कि योग बहुत पुराना है। समय के साथ, यह अभ्यास एक समृद्ध अनुशासन के रूप में विकसित हुआ। यह वेदों, उपनिषदों और बाद में पतंजलि के योग सूत्रों में प्रवाहित हुआ। महाभारत के योग के गहरे संदर्भों से लेकर स्वामी विवेकानंद और बी.के.एस. जैसे महान गुरुओं द्वारा 19वीं और 20वीं सदी के पुनरुद्धार तक। अयंगर – योग एक प्राचीन परंपरा से एक सार्वभौमिक अनुशासन में बदल गया। 2014 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में प्रस्तावित किया। इस प्रस्ताव को भारी समर्थन के साथ स्वीकार किया गया। तब से, 21 जून को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2025 की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" एकता और कल्याण का संदेश देती है।

<><><><><><><>

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, एनसीसी की नौसेना इकाई ने जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सभागार में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय पर एक लेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया और व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

द्वीपों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ने उप–राज्यपाल से द्वीपसमूह के लिए ब्रांड अम्बेसेडर नियुक्त करने का अनुरोध किया है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में एसोसिएशन के अध्यक्ष सिमसन ने द्वीपों में पर्यटन क्षेत्र के विकास और वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ाने के लिए इस पहल के महत्व पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रांड अम्बेसेडर द्वीपों की संस्कृति, प्राकृतिक

सुंदरता और भरोसे को लेकर द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व कर सकता है, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका और सतत विकास को बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सभी विभागों, होटल व्यवसायियों, रेस्तरां और बार मालिकों और वाणिज्यिक संस्थानों से वाणिज्यिक जल मीटर लगाने का निर्देश दिया है। जिन परिसरों में जल मीटर नहीं लगाया गया है, उनसे वाणिज्यिक जल मीटर लगाना अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया है। इसके अलावा, जो वाणिज्यिक जल मीटर कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें नोटिस के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर बदलने का निर्देश दिया गया है। सभी संबंधितों से वाणिज्यिक जल शुल्क का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया गया है। बिल नगरपालिका परिषद की आधिकारिक पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते है।

<><><><><><><>

हरियाणा के रोहतक में आयोजित ''6वीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप'' में द्वीपसमूह के एथलीटों ने 21 पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर आज मुएथाई एसोसिएशन की ओर जंगलीघाट के होटल सिल्वर स्प्रिंग में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष एम विनोद और कोच एन जगाडेका वर्मा उपस्थित थे। खिलाड़ियों के उपलब्धि पर अध्यक्ष एम विनोद ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए कहा—

इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, मेडल और स्मारिका भेंट की गई। टीम के कोच ने भी विजेताओं को बधाई देते हुए अभिभावकों से बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी जूनियर लड़के और लड़कियों की ए आई एफ एफ नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025—26 के लिए 29 जून को सुबह 09 बजे से नेताजी स्टेडियम में चयन ट्रायल आयोजित करेगा। 01 जनवरी दो हजार दस से 31 दिसम्बर 2011 के बीच पैदा हुए खिलाड़ी चयन ट्रायल के साथ—साथ इस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक ने बच्चों को इस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा—

एसोसिएशन ने सभी जिलों, विभागों, क्लबों, सेवाओं और ग्रामीणों से अपने खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर चयन ट्रायल के लिए भेजने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला परिषद में वर्ष 2025—26 के लिए स्थाई समिति का गठन किया गया है। लीला बती को वित्त कर और लेखा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वी के अब्दुल अज़ीज जन—स्वास्थ्य और स्वच्छता, अब्दुल बशीर कार्य और विकास, सारिका देवी जलापूर्ति तथा कार्य तथा धना रेखा को शिक्षा और सामाजिक न्याय समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप 20 जून को सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई जाएगा। अतिरिक्त सामानों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा, जबकि यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन सुबह आठ बजे से नौ बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>